पंचदश बिहार विधान सभा

षोडश सत्र

<u>दैनिक विवरणिका</u>

संख्या-09 सोमवार, दिनांक-23 मार्च, 2015 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सदन की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.09 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 17 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 07 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iii) 20 तारांकित प्रश्न अनागत ।

इस दौरान एक माननीय सदस्य द्वारा मोबाईल का उपयोग किये जाने पर आसन द्वारा कड़ी हिदायत दी गई एवं भविष्य में भी इससे परहेज करने का निदेश दिया गया ।

[2] कार्यस्थगन :-

मा० सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह, श्री सुरेन्द्र मेहता एवं श्री विनोद नारायण झा से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दिनेश कुमार सिंह (ii) डा० इजहार अहमद

(iii) श्री पवन कुमार जायसवाल

''माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा शून्यकाल के अंतर्गत उठाए गए विषय पर सरकार द्वारा संज्ञान लिये जाने का निदेश आसन से दिया गया ।''

[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) मा० सदस्य श्री गिरिधारी यादव एवं अन्य सभासदों का कृषि विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य श्री गिरिधारी यादव द्वारा पढ़ा गया ।

(ii) मा० सदस्य श्री सोनेलाल हेम्ब्रम एवं अन्य सभासदों का सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य श्री सोनेलाल हेम्ब्रम द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

भोजनावकाश के बाद

समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

(माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[5] **वित्तीय कार्य :-**

वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगों (शिक्षा विभाग, कला संस्कृति एवं युवा विभाग तथा निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग) पर वाद-विवाद एवं मतदान :-

माननीय प्रभारी मंत्री श्री पी०के० शाही द्वारा शिक्षा विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्य डा० अच्युतानन्द द्वारा राज्य सरकार की शिक्षा नीति पर विचार-विमर्श के लिए कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया एवं पक्ष रखा ।

अनुदान की मांग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) डा० दाउद अली
(ii) श्री अजीत शर्मा
(iii) श्रीमती सुखदा पाण्डेय
(iv) श्री ऋषि मिश्रा
(v) डा० अब्दुल गफूर
(vi) श्रीमती उषा सिन्हा
(vii) श्री व्यासदेव प्रसाद
(viii) श्री श्याम बिहारी राम
(ix) श्री विजय कुमार सिन्हा
(x) श्रीमती ज्योति रश्मि
(xi) श्री पवन कुमार जायसवाल
(xii) श्री रणविजय कुमार सिंह

(मा० अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xiii) श्री कृष्णनन्दन यादव

मा० प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री पी०के० शाही द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

''सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के सभी मा० सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

तदुपरांत मा० सदस्य डा० अच्युतानन्द का कटौती प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा शिक्षा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[6] **निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 15 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार दिनांक 24 मार्च, 2015 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिये स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-23 मार्च, 2015

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।